तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 3 दिसंबर 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



12 बड़ेराजपुर में चक्रवाती तूफान 'दितवाह'...





12 कलेक्टर की समय-सीमा बैठक में धान खरीदी से ...




## खबर संक्षेप

### 370 प्रतिभागी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जाएंगे जगदलपुर



**सुकमा।** बस्तर ओलंपिक में सुकमा जिले से 370 प्रतिभागी, जिनमें 192 पुरुष और 178 महिलाएं शामिल हैं। संभागस्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित हुए हैं। बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 11, 12 और 13 दिसम्बर को जगदलपुर में किया जाएगा। ग्राम स्तर से प्रारंभ होकर ज़ोन, विकासखंड और जिला स्तर की श्रेणीबद्ध चयन प्रक्रिया के बाद, विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन प्रतिभागियों को संभागीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। इस प्रतियोगिता ने युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों को समान रूप से खेलों से जोड़कर खेल भावना को व्यापक आधार देने का कार्य किया है।

### बोदागुड़ा और चीचोरड़गुडा के ग्रामीणों को मिला बटेर



**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश तथा पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक डॉ. संदीप इंदुरकर के मार्गदर्शन में कोंटा विकासखंड अंतर्गत नियद नेल्लानार के ग्राम बोदागुड़ा और चीचोरड़गुडा में ग्रामीणों को 50 यूनिट बटेर का निःशुल्क वितरण किया गया। दूरस्थ और अंदरूनी इलाकों तक पहुंचकर बटेर एवं चूजा वितरण ग्रामीण परिवारों को अतिरिक्त आय का साधन उपलब्ध कराने किया गया। इससे लोगों को वैकल्पिक आजीविका उपलब्ध कराकर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

### अमीन भर्ती परीक्षा में विशेष प्रशिक्षण आज

**जगदलपुर।** अमीन भर्ती परीक्षा रविवार 7 दिसंबर को दोपहर 12 से 02.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्था मजबूत रखने और नकल तथा अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए नियुक्त किए गए उड़नदस्ता दल, पर्यवेक्षकों (ऑब्जर्वर) तथा केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा संबंधी विस्तृत दिशानिर्देश और प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में होने वाला यह महत्वपूर्ण ब्रीफिंग एवं प्रशिक्षण सत्र बुधवार को दोपहर 3 बजे कलेक्टोरेट स्थित प्रेरणा हॉल में आयोजित किया गया है।

### अवैध धान रोकने प्रशासन सख्त

**जगदलपुर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया को अवैध गतिविधियों से मुक्त और पारदर्शी रखने के लिए कलेक्टर हरिस एस ने आदेश जारी किया है। धान उपार्जन की अवधि के दौरान पड़ोसी राज्यों से अवैध रूप से धान लाकर खरीदी केन्द्रों में विक्रय किए जाने की आशंका बनी रहती है। इसी को देखते हुए शासन के निर्देशानुसार जिले के सीमावर्ती जांच नाकों और प्रवेश मार्गों पर अवैध धान के आवक पर विशेष निगरानी रखने के साथ ही धान खरीदी केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाओं के आकस्मिक निरीक्षण हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### राशनकार्ड हितग्राहियों की ई-केवाईसी 8 तक

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी करते हुए जिले के सभी राशनकार्ड हितग्राहियों की ई-केवाईसी की कार्यवाही 8 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने का आदेश दिया है। यह सख्त फैसला 26 नवंबर को आयोजित साप्ताहिक विडियो कॉन्फ्रेंस में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय के संचालक द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है।

# मौसम में बदलाव से बढ़ा वायु प्रदूषण, अस्थमा के बढ़े मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

मौसम में बदलाव से वायु प्रदूषण बढ़ा, जिससे अस्थमा के मरीज बढ़े, इससे अस्थमा के मरीजों को सांस लेने में तकलीफ हो रही हैं। सुबह-शाम की ठंड और प्रदूषण के बढ़ते स्तर से अस्थमा के अटैक के मरीज ओपीडी में आने लगे हैं, वायु प्रदूषण को रोकने के लिए विभाग का ध्यान नहीं है। इस तरह से शहर में लगभग 350 अस्थमा के मरीज हैं, जो अस्पताल में ओपीडी में पहुंच कर इलाज कराते हैं।

बताया जा रहा है कि पर्यावरण संरक्षण मंडल के कार्यालय अनुसार बस्तर संभाग के किसी भी जिले में वायु प्रदूषण मापने का यंत्र नहीं लगा होने से यह पता नहीं चल पाता कि वायु से कितना प्रदूषण हो रहा है। इसके लिए केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा इस बार एक नई व्यवस्था की जा रही है। इस पर मंडल ने 5 वर्ष पूर्व वायु प्रदूषण मापने के लिए शहर के इंद्रावती टायगर रिजर्व कार्यालय परिसर, क्षेत्रीय पर्यावरण कार्यालय परिसर एवं दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय के नगर पालिका कार्यालय परिसर में प्रदूषण मापक यंत्र लगाने का चयन किया है। यंत्र लगाने के बाद से प्रदूषण विभाग के अधिकारी वायु प्रदूषण के आंकड़ों की लगातार एलसीडी में 24 घंटे मॉनिटरिंग करते रहेंगे, लेकिन पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी का यंत्र स्थापना में ध्यान नहीं है।

## वाहनों के प्रदूषण पर्यावरण और स्वास्थ्य को कर रहे नुकसान



### मरीजों के लिए बेहद खतरनाक वायु प्रदूषण

शासकीय जिला महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि सर्दियों में सांस के मरीज की दिक्कतें बढ़ जाती हैं। अस्थमा का अटैक आने की कई वजह हो सकती हैं, जिसमें ठंड के साथ प्रदूषण भी अहम है। वायु प्रदूषण और तापमान में गिरावट के साथ धुंआ भी अस्थमा के अटैक का बड़ा कारण है। वायु प्रदूषण से अस्थमा के मरीजों के लिए बेहद खतरनाक है।

## मांग : रैली के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा

# किसानों ने किया कलेक्टोरेट का घेराव, तख्ती में मांग लिख निकाला मोर्चा, लगाते रहे नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- लालबाग में अंबेडकर प्रतिमा के सामने एकत्र होकर पहुंचे कलेक्टोरेट

मक्का फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर बस्तर जिले के हजारों किसान मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और शांतिपूर्ण तरीके से घेराव करते 12 प्रमुख मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग की। किसानों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के लिए मक्का का समर्थन मूल्य 2400 प्रति क्विंटल घोषित किए जाने के बावजूद जिले के व्यापारी 1500–1600 प्रति क्विंटल की दर से खरीद कर रहे हैं जो किसानों के साथ अन्याय है।

लालबाग में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष गांव गांव से पहुंचे किसानों ने दोपहर लगभग ढाई बजे रैली के रूप में कलेक्टोरेट की ओर रवाना हुए। रैली के साथ बड़ी संख्या में पुलिस जवान और अफसर चल रहे थे। पहले से घोषित कलेक्टोरेट घेराव की सूचना पर प्रशासन और पुलिस सचेत रहा । इसलिए लालबाग से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक काफी संख्या में पुलिस बल सुरक्षा में तैनात रहा। किसान संघर्ष समिति ने बताया कि 10 नवंबर को अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था, परंतु प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इससे किसानों में भारी आक्रोश रहा। लालबाग में विशाल सभा का आयोजन किया गया। जिसे किसान नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया। सभा के बाद रैली के रूप में आगे बढ़ते हुए किसानों ने शहीद डेबरी धुर, झाड़ा सिरहा, मावली आया और गुंडाधुर जैसे वीर महापुरुषों को नमन किया। इस दौरान पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम, लखेश्वर कश्यप, सुभाष कश्यप, पूरन सिंह कश्यप सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने किसानों का समर्थन किया और प्रशासन को चेताया कि किसानों की उपेक्षा अब सहन नहीं की जाएगी।





### कलेक्टर के नहीं मिलने से किसान हुए नाराज

कलेक्टर से मुलाकात न होने पर लगभग तीन घंटे तक किसानों का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्याएँ सीधे तौर पर बताना चाहता था किंतु कलेक्टर द्वारा मुलाकात न किए जाने के कारण माहौल तनावपूर्ण हो गया। कलेक्टोरेट के सामने जाम की स्थिति बनी रही। किसान धरने पर बैठ गए और कहा कि जब तक स्पष्ट आश्वासन नहीं दिया जाएगा आंदोलन जारी रहेगा।

# बिना तिरपाल के खनिज परिवहन करने वाले 71 वाहनों पर कसा शिकंजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले सीमावर्ती राज्यों के 783 वाहन
- 60 वाहनों के प्रेशर हॉर्न हटा कर 1.20 लाख राजस्व वसूला

बस्तर जिले के सीमावर्ती राज्य धनपूंजी स्थित परिवहन विभाग के चेक पोस्ट में एक माह में 1003 वाहनों से 25 लाख 13 हजार 185 रूपए समझौता शुल्क वसूला गया। इसमें बिना तिरपाल के खनिज परिवहन करने वाले 71 वाहनों पर शिकंजा कसा, जिसमें एक लाख 42 हजार रूपए पर कार्रवाई की। परिवहन नियमों का उल्लंघन करते सीमावर्ती राज्यों के 783 वाहन मिले, जिसमें से 18 लाख 27 हजार 800 रूपए, साथ ही 60 वाहनों के प्रेशर हॉर्न हटा कर एक लाख 20 हजार रूपए जुर्माना किया गया। इसके अलावा 56 वाहनों पर फिटनेस नहीं होने पर एक लाख 10 हजार रुपए एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र पर 81 वाहनों से एक लाख 62 हजार रुपए राजस्व वसूल किया गया। तेरह वाहनों पर एक लाख 50 हजार 400, यानकर टीपी में एक लाख 34 हजार 600, जीवी में 21 हजार 760, यानकर पीएसवी में 93 हजार 450 एवं 3 बकायादार ▶▶| शेष पेज 12 पर

# आप ने किया वित्त मंत्री का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- रजिस्ट्री नियमों को बताया जनविरोधी

आम आदमी पार्टी ने आज गोल बाजार चौक में प्रदेश सरकार द्वारा लागू किए गए रजिस्ट्री नियमों के खि ला फ जोरदार प्रदर्शन कि या । कार्यकर्ताओं ने वित्त मंत्री का पुतला दहन कर गरीब, मजदूर और भूमिहीन परिवारों पर पड़े आर्थिक बोझ को लेकर आक्रोश जताया।

आप नेता समीर खान ने कहा कि सरकार द्वारा रजिस्ट्री के नए नियम गरीबों की जमीन खरीदने की क्षमता को खत्म कर देने वाले हैं। पहले से ही दिहाड़ी मजदूर और भूमिहीन परिवार जमीन लेने में कठिनाई झेल रहे थे अब बढ़े शुल्क और कठोर प्रावधान उनके अधिकार पूरी तरह छीन रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि ▶▶| शेष पेज 12 पर



# बस्तर में पहली बार कथावाचक प्रदीप मिश्रा का भक्तिमय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 7 से 13 दिसंबर तक चलने वाले आयोजन में डेढ़ से 2 लाख श्रद्धालु पहुंचेंगे

आगामी 7 से 13 दिसंबर तक गीदम में दंतेश्वरी शिव महापुराण कथा आयोजित होगी । इस धार्मिक अनुष्ठान में डेढ़ से 2 लाख शिवभक्तों के पहुंचने की संभावना आयोजन समिति ने जताई है। संपन्न कराने गठित की गई है । कृषि उपज मंडी चौक हारम में कार्यक्रम होगा। इस विशाल अनुष्ठान में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा (सिहोर वाले) कथा का रसपान कराएंगे।

6 दिसंबर को सुबह साढ़े 10 बजे नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। वहीं 7 से 13 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक कथा का श्रवण भक्त कर सकेंगे। इस सात दिवसीय अनुष्ठान को निर्विघ्न संपन्न करने के लिए समिति का गठन किया गया है। जिसके मुख्य संरक्षक मंत्री ▶▶| शेष पेज 12 पर



# पुलिस ने किया स्पष्ट, नक्सल कमाण्डर बारसे देवा अब तक सम्पर्क में नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बारसे देवा के आत्मसमर्पण की अटकलों के बीच आईजी ने की स्थिति स्पष्ट
- सोशल मिडिया में बारसे देवा के समर्पण की उड़ रही अफवाह

सुकमा जिले के पूवर्ती के रहने वाले पीएलजीए बटालियन नम्बर एक के कमाण्डर बारसे देवा के आत्मसमर्पण को लेकर हो रही चर्चा के बीच पुलिस ने 2 दिसम्बर की शाम तक ऐसी किसी भी बात से इंकार करते हुए अटकलों पर विराम लगा दिया है। सुका एसपी किरण चव्हाण ने कहा कि माओवादी कैडर बारसे देवा (कमाण्डर पीएलजीए बटालियन क्रमांक एक) के आत्मसमर्पण और पुनर्वास को लेकर कुछ अटकलें सामने आई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में ऐसी जानकारी या परिस्थितियां 2 दिसंबर 2025 की शाम तक सामने नहीं आई हैं।

वहीं आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत किए जा रहे सतत प्रयास बस्तर रेंज में उल्लेखनीय परिणाम दे रहे हैं। सिर्फ ▶▶| शेष पेज 12 पर



### तेजी से बदल रही हैं परिस्थितियां, ये समझना जरूरीः आईजीपी

आईजीपी बस्तर ने आगे कहा कि बारसे देवा, पप्पा राव, देवजी जैसे कैडरों को भी यह समझना होगा कि परिस्थितियाँ तेजी से बदल रही हैं। अब हिंसा और संघर्ष की राह पर बने रहने से न उन्हें और न ही अन्य कैडरों को किसी प्रकार का लाभ मिलने वाला है। इसके विपरीत, मुख्यधारा में लौटकर सम्मान, स्थिरता और नई शुरूआत का अवसर अभी उनके सामने है। इसलिए मुख्यधारा में लौटने के निर्णय को और टालने का कोई अर्थ नहीं है और सही फैसला लेने का यही सबसे उपयुक्त समय है।

## साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# किसानों के टोकन के अनुसार ही धान की हो खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि धान खरीदी में किसानों के टोकन के अनुसार ही धान की खरीदी हो इसकी जांच करने के साथ ही रात्रि कालीन में जांच नाका में अवैध धान परिवहन की आकस्मिक निरीक्षण भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह के निर्धारित लक्ष्य के आधार पर धान की खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों के टोकन के आधार पर धान का और रकबा का फील्ड वेरिफिकेशन करवाएं। इसके अलावा रकबा समर्पण की भी जानकारी किसानों को देते हुए इसकी मॉनिटरिंग जरूर करवाएं। कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को खरीदी केंद्रों में आगामी पंद्रह दिनों के लिए बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। इसमें उचित मूल्य की दुकानों और मिलर्स से बारदाना की जानकारी अद्यतन करने कहा गया है। इसके साथ ही उन्होंने शासन के निर्देशानुसार स्टैगिंग की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। बैठक में समय सीमा के प्रकरण पर विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही शासन के निर्देशानुसार जिले में बंद योजना या विभागीय इन-एक्टिव बैंक खातों की जानकारी देने, निर्माण एजेंसियों से खनिज विभाग को रायल्टी जमा करने के संबंध में चर्चा किए।



### ये रहे उपस्थित

*इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।*


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### कोंडागांव डाकघर में नई सुविधा शुरू : अब फ्लेक्स-बैनर-पैंफलेट का सस्ता और भरोसेमंद प्रचार

**कोण्डागांव।** भारत सरकार के डाक विभाग ने कोंडागाँव उप–डाकघर में दो नई योजनाएं शुरू की हैं। अब कोई भी सरकारी–गैर सरकारी संस्था, दुकानदार, व्यापारी या व्यक्ति अपने फ्लेक्स, बैनर, पैंफलेट, प्रचार सामग्री को डाकघर के माध्यम से बहुत कम दर में लोगों तक पहुँचा सकता है। मीडिया पोस्ट बड़े स्तर पर प्रचार–प्रसार बैनर, होडिंग्स, न्यूजपेपर इंसर्ट आदि डायरेक्ट पोस्ट सीधे घर–घर पैंफलेट, लिफाफा, कैटलॉग डिलीवरी लाइसेंसी व अनलाइसेंसी दोनों योजनाओं में दरें बाजार से बहुत कम हैं और डिलीवरी 100: गारंटीड होती है। सबसे भरोसेमंद नेटवर्क, पूरे जिले के गाँव–शहर तक पहुँच, सबसे सस्ती दरें, समय पर डिलीवरी की गारंटी अब आपको महंगे विज्ञापन एजेंसी के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। चाहे दुकान का उद्घाटन हो, स्कूल का एडमिशन, कोचिंग–क्लास, सरकारी योजना का प्रचार या कोई ऑफर सब कुछ डाकघर से सस्ते में हो जाएगा। कोंडागाँव मुख्य डाकघर में सीधे संपर्क करें या फोन करें। नंबर जल्द जारी किया जाएगा, या डाकघर जाकर पूछताछ करें।

### कलेक्टर ने मृतका के भाई को दी 4 लाख की त्वरित सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा में मृत एक महिला के वारिस को त्वरित राहत देते हुए 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। कोण्डागाँव तहसील के भेलवापदर वार्ड निवासी जानादई की दीवार गिरने से दबकर दर्दनाक मौत हो गई थी। कलेक्टर ने प्रकरण की त्वरित जाँच कराते हुए मृतका के भाई शंकर नेताम को 4 लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर की। राशि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश तहसीलदार को दे दिए गए हैं। पीड़ित परिवार ने प्रशासन के इस संवेदनशील और तेज निर्णय के लिए कलेक्टर का आभार जताया है। कलेक्टर का साफ संदेश आपदा में कोई परिवार अकेला नहीं रहेगा, प्रशासन हर कदम पर साथ है।

### कलेक्टर-एसपी ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने सोमवार को जिला चिकित्सालय का संयुक्त निरीक्षण किया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और साफ–सफाई को लेकर कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और एसपी ने सबसे अहम निर्देश दिया जिला अस्पताल परिसर में जल्द ही पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किया जाए। मरीजों–तीमारदारों की शिकायतें तुरंत दर्ज हों और त्वरित कार्रवाई हो सके। अस्पताल में तैनात सभी प्राइवेट गार्डों को पुलिस विभाग द्वारा विशेष सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य गेट पर वाहनों की सघन चेकि स्थायी मोर्चा बनाया जाएगा। परिसर में तंबाकू, गुटखा, बीड़ी–सिगरेट और किसी भी मादक पदार्थ का सेवन या थूकना पूरी तरह प्रतिबंधित है। कलेक्टर ने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर, वार्ड, शौचालय और गलियारों की रोजाना साफ–सफाई सुनिश्चित करें। मरीज इलाज के लिए आते हैं, बीमारी लेकर नहीं जाना चाहिए कलेक्टर निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. पी.एल. मंडावी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर और एसपी ने स्पष्ट चेतावनी दी जिला अस्पताल मरीजों का दूसरा घर है। यहाँ सुरक्षा और स्वच्छता में कोई समझौता नहीं होगा।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर एनसीसी मैदान में होगा आयोजन

**कोण्डागांव।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आज जिला मुख्यालय स्थित एनसीसी ग्राउंड में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी के मुख्य आतिथ्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं कल्याण से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में विशेष रूप से कृत्रिम हाथ–पैर एवं कैलीपर्स की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# बड़ेराजपुर में चक्रवाती तूफान 'दितवाह' का दिख रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान दितवाह का असर अब कोंडागाँव जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रें में साफ दिखाई देने लगा है। पिछले तीन दिनों से लगातार ठंडी हवाओं और कोहरे ने मौसम को सर्दी का रंग दे दिया है। मंगलवार सुबह से हरवेल क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा, जो सुबह 9 बजे के आसपास धीरे–धीरे छंटा। धूप निकलने के बाद भी ठंड का अहसास बना रहा।

चक्रवात का प्रभाव विकासखंड के लगभग सभी ग्रामीण क्षेत्रें में फैल गया है। हरवेल, तराईबेड़ा, डिहीपारा, बालेंगा, किबड़ा, धामनपुरी, तितरवंड, पिटीसपाल, पीढ़ापाल, लिहागांव, पारोंड, मैनपुर, पातरीपारा सहित कई गाँवों में सुबह–सुबह कोहरा और ठंडी हवाओं ने लोगों को घरों में कैद कर लिया। ग्रामीणों ने बताया कि ठंड इतनी तेज हो गई है कि खेती–बाड़ी का काम भी प्रभावित हो रहा है।

## कोहरा, ठंड और शीतलहर की शुरुआत, जिला प्रशासन अलर्ट पर




### जिला प्रशासन तैयार : राहत कार्यों की योजना

मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन ने जरूरत पड़ने पर शीतलहर के दौरान राहत उपाय शुरू करने की पूरी तैयारी कर ली है। कंबल वितरण, गर्म भोजन केंद्र और स्वास्थ्य शिविरों की व्यवस्था की जा रही है। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रें में विशेष निगरानी रखी जाए। ग्रामीणों से अपील है कि ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनें, धुआं या आग जलाने से सावधान रहें और स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुँचें। 'दितवाह' का यह असर पूरे छत्तीसगढ़ में देखा जा रहा है, लेकिन बड़ेराजपुर जैसे सुदूर क्षेत्रें में प्रभाव ज्यादा गंभीर है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में और गिरावट का अनुमान जताया है।

### मौसम विभाग की चेतावनी

*मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं और बंगाल की खाड़ी के चक्रवाती दबाव का संयोजन दिसंबर की शुरुआत को इस सीजन की सबसे ठंडी लहर बना सकता है। चक्रवाती तूफान 'दितवाह' के अवशेषों के कारण तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि दिसंबर का पहला सप्ताह पूरे प्रदेश में कड़ाके की ठंड की शुरुआत लेकर आएगा। कई जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी हो चुका है।*

**बैठक :** टोकन-बारदाना-चेकपोस्ट से लेकर आवास निर्माण तक, लापरवाही करने वालों को चेतावनी

# कलेक्टर की समय-सीमा बैठक में धान खरीदी से लेकर कई मुद्दे पर दिए गए सख्त निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा बैठक ली। बैठक में शासन की सभी प्रमुख योजनाओं और निर्माण कार्यों की बारीकी से समीक्षा की गई। खरीदी पूरी तरह पारदर्शी और सुचारू हो, समिति प्रबंधक–ऑपरेटर की अनिवार्य उपस्थिति हर किसान को टाइम पर टोकन, सभी केंद्रों पर पर्याप्त बारदाना, अवैध परिवहन रोकने चेकपोस्टों पर पुलिस–वन–राजस्व की संयुक्त टीम 24x7 मुस्तैद रहे।

समाज कल्याण, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग को अपने–अपने दायित्व समय पर पूरे करने के निर्देश दिए। विशेष गहन पुनरीक्षण वोटर लिस्ट तय समय से पहले पूरा हो, पुनर्वासित व्यक्तियों को शासन की सभी योजनाओं का 100: लाभ, पीएम आवास निर्माण में तेजी लाएं, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई, बस्तर ओलंपिक खिलाड़ियों के लिए बस–डॉक्टर की टीम सहित पूरी व्यवस्था, सांसद खेल महोत्सव की तैयारियां शुरू करें मर्दापाल क्षेत्र में श्रम पंजीयन के लिए गांव–गांव शिविर, जल जीवन मिशन, सूर्य घर योजना, आश्रम–छात्रवास निर्माण की प्रगति तेज करें। केशकाल मार्ग डायवर्सन प्लान तैयार करें, तुरंत अतिक्रमण हटाएं।

**ये रहे उपस्थित**-बैठक में जिला पंचायत अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, सभी एसडीएम और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर का साफ संदेश कोई भी योजना और कोई भी काम लटकने नहीं चाहिए। जनता का काम सबसे पहले, लापरवाही करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। अब जिले में सभी विभाग फुल अलर्ट मोड में हैं।

### जनदर्शन में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सुनी ग्रामीणों की पुकार

कोण्डागांव। साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में आज कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला मुख्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न क्षेत्रें से आए सैकड़ों ग्रामीणों–नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं।



ग्राम कड़ेनार के लखुराम कोर्राम ने मर्दापाल–कड़ेनार मार्ग पर पुल की मांग की ग्राम मलनार के शिवनाथ शोरी ने नहकानार पंचायत में ढामरीकरण और सीसी रोड़ की गुहार लगाई, ग्राम एरला के अशोक कुमार सहारे ने वन अधिकार पट्टे की मांग रखी, इसके अलावा दर्जनों ग्रामीणों ने आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आवास, पेंशन, बिजली–पानी, सड़क सहित कई समस्याओं के आवेदन दिए, कलेक्टर ने हर आवेदन को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। कई मामलों में तुरंत फोन कर काम शुरू कराने के आदेश दिए गए। कलेक्टर ने कहा आपकी समस्या हमारी जिम्मेदारी है। कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहेगा। जनदर्शन में ग्रामीणों के चेहरों पर संतोष दिखा। कई लोगों ने कहा, मैडम ने हमारी बात सुनी, अब उम्मीद है जल्दी काम होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बेटी के जन्मदिन पर पिता ने स्कूल में कराया न्योता भोज






हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी न्योता भोजन योजना अब गाँव–गाँव में रंग ला रही है। इसी कड़ी में ग्राम बुनागाँव की जनपद प्राथमिक–उच्च प्राथमिक शाला में आज एक अनोखा जश्न मनाया गया। कक्षा 5वीं की होनहार छात्र संजना सोरी के जन्मदिन पर उनके माता–पिता भुनेश्वर सोरी और श्रीमती संतोषी सोरी ने पूरे स्कूल परिवार को शानदार न्योता भोजन कराया। बासमती चावल की गाढ़ी–मीठी खीर, गरमा–गरम पूड़ी, मटर–पनीर की स्वादिष्ट सब्जी मिठाई और नमकीन। बच्चे प्लेट लिए लाइन में लगे और एक–एक करके खूब मन लगाकर खाया। कई बच्चों ने दो–तीन बार राउंड लगाए। शाला के शिक्षक सूरज नेताम ने बताया कि इस योजना से अभिभावकों और स्कूल के बीच सीधा रिश्ता बन रहा है। हर महीने कोई न कोई जन्मदिन, शादी–ब्याह या त्योहार के बहाने न्योता भोजन करा रहा है। बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है और पढ़ाई में भी रुचि बढ़ी है। संकुल समन्वयक धरम देवांगन ने कहा, बेटी के जन्मदिन पर पूरा स्कूल खिलाना इससे बड़ा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश और क्या हो सकता है यह योजना शिक्षा की गुणवत्ता के साथ–साथ सामाजिक एकजुटता भी बढ़ा रही है। शाला परिवार ने भुनेश्वर सोरी और संतोषी सोरी दंपती का धन्यवाद ज्ञापित किया और संजना के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। शिक्षिका मोनिका साहू, शकुंतला यादव, पंच हेमवती सोरी, अन्य अभिभावक और स्कूल के नन्हे–मुन्ने बच्चे कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# 15वें वित्त की अंतिम किस्त नहीं आई गैर-प्रशासकीय ड्यूटी से त्रस्त सचिव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विकासखंड बड़ेराजपुर के ब्लॉक मुख्यालय विश्रामपुरी (अ) में सरपंच संघ जिला अध्यक्ष हीरालाल नेताम की अध्यक्षता में सरपंचों व सचिवों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में सरपंच–सचिवों ने एक स्वर में शासन–प्रशासन के प्रति अपनी नाराजगी जताई। 15वें वित्त की अंतिम किस्त अभी तक नहीं आई सरपंचों का कार्यकाल 1 साल पूरा होने वाला है, लेकिन अंतिम किस्त नहीं मिलने से विकास कार्य ठप पड़े हैं।

चुनाव ड्यूटी, सर्वे, शिविर, जनगणना जैसे तमाम गैर–प्रशासकीय काम थोपे जा रहे हैं। सचिव मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। सरपंच–सचिव संघ को मजबूत करने का फैसला दोनों संघ मिलकर शासन–प्रशासन को अपनी मांगों से अवगत कराएंगे और जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी करेंगे।

**ये रहे मौजूद-** सरपंच संघ उपाध्यक्ष प्रभुलाल नेताम, राजकुमारी मरकाम, सरपंच संघ सचिव महेश नेताम, सचिव संघ अध्यक्ष सुखलाल नेताम, सचिव संघ उपाध्यक्ष रेनू मरकाम, सकरू नेताम, चंपा साहू, विकासखंड बड़ेराजपुर के समस्त सरपंच एवं सचिव बैठक में एक स्वर में प्रस्ताव पारित किया गया कि 15वें वित्त की बकाया राशि तुरंत जारी हो और सचिवों को सिर्फ पंचायत से जुड़ा काम दिया जाए। सरपंच–सचिवों ने चेतावनी दी अब और नहीं सहेंगे, जल्दी सुनवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन होगा। विश्रामपुरी की यह बैठक अब पूरे जिले के सरपंच–सचिवों के लिए आवाज बन गई है। आने वाले दिनों में शासन–प्रशासन पर दबाव बढ़ने की पूरी संभावना है।

**जल जीवन मिशन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

# 19 ठेकेदारों के 37 काम रद्द 31 करोड़ के कार्य निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

> ■ कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के सख्त निर्देश पर पीएचईडी की बड़ी कार्रवाई

जल जीवन मिशन के कार्यों में लगातार लापरवाही, धीमी गति और घटिया निर्माण को लेकर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के कड़े निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बड़ा एक्शन लिया है। कुल लागत करीब 31.17 करोड़ कारण काम शुरू नहीं किया, प्रगति शून्य, पानी टंकी–बोरिंग अधर में, गुणवत्ता खराब है।

23.38 लाख की सिक्योरिटी राशि जब्त शेष कार्यों की नई निविदा प्रक्रिया शुरू सभी 19 ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा अब कोई सरकारी टेंडर नहीं ले सकेंगे। मेसर्स अदिती इन्फ्राबिल्ड, शैलेन्द्र सिंह भदौरिया श्रीग कंस्ट्रक्शन, मेसर्स किसान बोरवेल्स केजीएन कंस्ट्रक्शन, मेसर्स आकार कंस्ट्रक्शन, महेश विदवानी, मेसर्स आधार कंस्ट्रक्शन, मेसर्स इनकॉर्पोरेशन, मेरार्च ग्रीनवर्ल्ड सोलर, जी आर डी बिल्डकॉन, मेसर्स आर.मी. डीलर्स, मेसर्स ब्रम्हेश कंस्ट्रक्शन, मेसर्स एम.डी. सर्विसेज, मेसर्स शुभम कंस्ट्रक्शन, मेसर्स बसंत कुमार साहू, मेसर्स वियाना इंफ्रा टेलीकॉम, मेसर्स भारत इन्फ्रा, मेसर्स गोयल एजेंसी कार्यपालन अभियंता विरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर अब हर सप्ताह फील्ड विजिट और सख्त मॉनिटरिंग होगी। "हर घर नल–हर घर जल" के सपने से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता।

### कलेक्टर का साफ संदेश

*जल जीवन मिशन जनता का हक है, इसमें लापरवाही करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अब जिले में नए सिरे से तेजी से काम शुरू होगा और गुणवत्ता के साथ समय पर हर घर तक नल जल पहुंचेगा।*

# नवनिर्मित शिव मंदिर में हुई भव्य प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल/बेड़मा

> ■ तीन दिवसीय अनुष्ठान में उमड़ी श्रद्धा की अविरल धारा
>
> ■ मरकाम परिवार ने भक्ति, संस्कृति और सामूहिक आस्था का दिया संदेश

केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम बेड़मा में नवनिर्मित भव्य शिव मंदिर में मरकाम परिवार ने प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया। यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि भक्ति, कृतज्ञता और प्रकृति के बीच शिव-शक्ति के मिलन का प्रतीक बन गया। मुख्य अनुष्ठान में सुरेखा मरकाम और आशाराम मरकाम ने भगवान शिव की आरती उतारी तथा हवन कुंड में आहुतियां दीं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पूरा मरकाम परिवार के अलावा ग्रामवासियों के साथ राजनीतिक दलों के कई बड़ी हस्तियों ने भी हिस्सा लिया। शिव मंदिर नव निर्माण और मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को भंडारा और प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हो गया। तीन दिवसीय इस धार्मिक



समारोह के दौरान अखंड कीर्तन, यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चारण से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

इस अवसर पर शितला माता के मंदिर से कलश यात्रा और गाजे के साथ भक्तजनों व ग्रामवासियों ने प्राण प्रतिष्ठा होने वाले सभी देवी देवताओं के साथ नगर का भ्रमण किया। इस कार्यक्रम में शिवलिंग, मां पार्वती, नंदी, गणेश, बजरंगबली, कार्तिकेय और कीर्तिमुख मूर्तियों का प्राण प्रतिष्ठा कराया गया। पंडित अशोक शास्त्री ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ इस तीन दिवसीय अनुष्ठान को संपन्न कराया। शास्त्री जी ने बताया कि कार्यक्रम के तहत रविवार को कलश यात्रा, शिव प्राण प्रतिष्ठा एवं वेदी पूजन के साथ ही दूसरे दिन भगवान शिव का अभिषेक और मंडप परिक्रमा और तीसरे एवं अंतिम दिन वेदी पूजन हवन और श्रद्धालुओं के बीच पवित्र प्रसाद का वितरण किया गया।

### कांकेर सांसद भोजराज नाग हुए शामिल

शिव परिवार की प्तिष्ठा के शुभ अवसर पर कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग जी शामिल हुए। उन्होंने शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। साथ ही क्षेत्र के अन्य जन प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इन सभी लोगों ने भस्म आरती में भाग लिया और शिव मंत्रों के बीच गहरी ध्यानमग्न अवस्था में दिखाई दिए। फूलों और स्वर्णिम प्रकाश से सजा मंदिर परिसर वेदमंत्रों, शंखध्वनि और डमरू की गूंज से गुंजायमान हो उठा।क्षेत्र की शांति और शिव भक्ति का यह अनुपम संगम हर उपस्थित व्यक्ति के हृदय में जीवन भर के लिए अंकित हो गया। मरकाम परिवार ने शिव मंदिर की स्थापना कर धन-समृद्धि के शिखर पर पहुंचकर भी भारतीय परंपरा और संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट की है।

# आप ने फूंका ओपी चौधरी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

> ■ ओपी चौधरी और भाजपा मुर्दाबाद के लगाए नारे

ब्लॉक मुख्यालय में आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का पुतला फुका है, आप पार्टी ने फरसगांव नगर के बस स्टैंड में ओपी चौधरी और भाजपा मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए प्रदर्शन करते हुए ओपी चौधरी का पुतला जलाया और अपनी मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। पुतला दहन के दौरान आप पार्टी और पुलिस के बीच झुमका झटकी भी हुई।

कोंडागांव आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुक्कू नाग ने प्रदर्शन के बाद से चर्चा में कहा की आम आदमी पार्टी की ओर से यह अवगत कराना है कि राज्य सरकार द्वारा हाल ही में जमीनों की रजिस्ट्री एवं गाइडलाईन दरों में 500 प्रतिशत से 1000 प्रतिशत तक की अत्यधिक वृध्दि की गई है यह निर्णय प्रदेश की आम जनता, खासकर गरीब वर्ग, किसानों, मजदूरों एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए भारी आर्थिक बोझ साबित हो रहा है। पूर्व में 5 डिसमिल (लगभग 2200 वर्गफीट) से कम



कृषि भूमि की रजिस्ट्र रोकने जैसे निर्णय ने किसानों और ग्रामीण जनता को पहले ही परेशान किया था। अब रजिस्ट्र और गाइडलाइन दरों में की गई यह नई वृध्दि आमजन पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव डालकर राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करती है। इस दौरान फरसगांव अध्यक्ष बिरजू राम सलाम, दिपेश कोर्राम, मनीराम मरकाम, बुधराम शोरी, रोहित कुमार, राजू सलाम, वीरसिंग सलाम, समेत पार्टी के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### कलेक्टर के सख्त निर्देश पर उड़नदस्ता सक्रिय, भारतमाला रोड पर पकड़ी गई पिकअप

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर धान के अवैध परिवहन और कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी जारी है। इसी क्रम में रविवार सुबह ग्राम सलना नाका के आगे भारतमाला परियोजना के पास उड़नदस्ता ने बड़ी सफलता हासिल की। पिकअप वाहन क्रमांक सीजी–08 एल 2563 में कुल 550 बोरी धान लदा हुआ पाया गया। जाँच में पाया गया कि अनुज्ञा परमिट बैकडेट का था और धान का अवैध परिवहन किया जा रहा था। खाद्य निरीक्षक गुलशन नन्द ठाकुर, खाद्य निरीक्षक मिनेश वर्मा, मंडी निरीक्षक मुकेश कश्यप पूरे 550 बोरी धान सहित वाहन को जब्त कर लिया गया। अग्रिम जाँच के लिए माल को पुलिस थाना विश्रामपुरी को सुपुर्द कर दिया गया है। खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर जिले में सभी नाकों और रास्तों पर चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही है। अवैध परिवहन करने वालों की जमानत नहीं होगी और सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। कलेक्टर का साफ संदेश एक भी दाना बाहर नहीं जाएगा। किसानों का हक कोई नहीं मार सकता। धान खरीदी के दौरान जिले में अब ऐसी कार्रवाइयाँ बढ़ने वाली हैं।



## पेज 11 के शेष

### बिना तिरपाल के ...

वाहनों पर 25 हजार 675 रूपए शुल्क लिया गया। चेक पोस्ट में कर रहे वाहनों की जांच- परिवहन विभाग के धनपूंजी स्थित चेक पोस्ट के प्रभारी एवं निरीक्षण जीवराखन लाल दीवान ने बताया कि पोस्ट में जाने एवं आने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। इसमें परिवहन नियमों उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### आप ने किया...

300 एकड़ जमीन खरीदने वाले कौन नेता हैं। जब आम आदमी 1000 स्क्वायर फीट जमीन भी नहीं खरीद पा रहा तब बड़े नेताओं के हजारों एकड़ खरीदने का रहस्य सरकार उजागर करे। आप नेता तांतीराम पोयम ने कहा कि बस्तर जैसे इलाकों में किसान और मजदूर रोज कमाने-खाने पर निर्भर हैं। रजिस्ट्री शुल्क बढ़ने से उनके लिए जमीन खरीदना असंभव हो गया है। यह गरीब परिवारों की जीवनभर की बचत पर सीधा प्रहार है।
**1000 स्क्वायर फीट जमीन खरीदना भी मुश्किल : पटनायक** - नेत्री आरती पटनायक ने कहा कि महिलाएं वर्षों तक बचत कर छोटा-सा घर बनाने का सपना देखती हैं, लेकिन सरकार ने 1000 स्क्वायर फीट जमीन खरीदना भी मुश्किल कर दिया है। यह साफ तौर पर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाली नीति है जिसे महिलाएं स्वीकार नहीं करेंगी। कार्यक्रम में आप नेता जोगां, राकेश कश्यप, सुकलु मरकाम, मुकेश लहरे, शंकर, बुधराम, चित्तराम,संजय सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बस्तर में पहली ...

केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, विधायक चैतराम अटामी, मुख्य यजमान विजय प्रसाद तिवारी, गुमरगुंडा आश्रम के स्वामी वसुधानन सरस्वती, पूर्व विधायक देवती कर्मा हैं। अनुष्ठान के मुख्य आयोजक विजय प्रसाद तिवारी और अभिलाष तिवारी हैं। शिव महापुराण समिति की कार्यकारिणी के अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष रजनीश सुराना, सचिव राकेश कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष कृष्णा चंद्र अवस्थी, महामंत्री राजेश (झल्लर) गुप्ता, मंत्री जगदीश राठी, व्यवस्थापक पंचू साहू और मीडिया प्रभारी हेमंत कश्यप हैं।
**क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह**-केशकाल घाट के ऊपर दंडकारण के पठार में यह पहला आयोजन होगा। इसके लिए कई विशाल डोम तैयार किए जा रहे हैं। यहां आने वाले भक्तों के लिए दोनों समय भोजन की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए भी विशाल भंडारा स्थल तैयार किया जा रहा है। गीदम में हो रहे शिव महापुराण कथा के प्रति क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह है।

### पुलिस ने किया...

पिछले दो महीनों में ही 570 से अधिक माओवादी कैडर जिनमें केंद्रीय समिति सदस्य सतीश उर्फ रूपेश तथा डीकेएसजेडसी मेंबर रणिता, राजमन मांडवी, राजू सलाम, वेंकटेश और श्याम दादा शामिल हैं इन सभी ने हिंसा का रास्ता छोड़कर सामाजिक मुख्यधारा में लौटने का निर्णय ले चुके हैं।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने युथ हब लाभार्थियों को किया लोन वितरण



**दंतेवाड़ा।** जिले में युवा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा युथ हब के लाभार्थियों को लोन वितरित किया गया। यह ऋण वितरण सामाजिक निवेश नेटवर्क रंग दे और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया के सहयोग से संभव हुआ है। इस पहल के अंतर्गत आठ युवा उद्यमियों को 50-50 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत कर प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने सभी चयनित युवाओं एवं महिलाओं से उनके गांव और व्यवसाय के बारे में जानकारी ली और उन्हें अपने बिजनेस को मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आगे कहा कि चयनित लाभार्थी जिले में रोजगार के अवसर सृजित करने तथा आर्थिक प्रगति में योगदान देने के लिए औरों को भी प्रेरित करें।

## अनुपस्थित, मृतक व पलायन मतदाताओं की सूची तैयार

**बीजापुर।** भैरमगढ़ में एसडीएम विकास सर्वे की उपस्थिति में सरपंच, बीएलए, बीएलओ और जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक के दौरान क्षेत्र में अनुपस्थित, मृतक तथा पलायन कर चुके व्यक्तियों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित तथ्य बताए जाने के बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों की सहमति से ऐसे मतदाताओं की सूची तैयार की गई। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची को अद्यतन और शुद्ध करने तथा आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से की जा रही है।

# सीआरपीएफ 219 वीं बटालियन ने ली स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ›› कोटा

स्वच्छ भारत मिशन की राष्ट्रव्यापी पहल के अनुरूप 219 बटालियन ने कमांडेंट पार्थसारथी घोष के मार्गदर्शन में स्वच्छता शपथ का निष्ठापूर्वक पालन किया।

■ स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने का किया आग्रह





सीआरपीएफ 219वीं वाहिनी ने इस कार्यक्रम का उद्देश्य बटालियन के सभी रैंकों में स्वच्छता, अनुशासन और पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी के मूल्यों को सुदृढ़ बताते हुए कार्यक्रम की शुरुआत कमांडेंट पार्थसारथी घोष द्वारा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करने और महात्मा गांधी के स्वच्छ एवं विकसित भारत के दृष्टिकोण पर जोर देते हुए की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वच्छता न केवल एक नागरिक कर्तव्य है, बल्कि व्यक्तिगत अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव का भी प्रतिबिंब है। उन्होंने सभी कर्मियों से अपने-अपने जिम्मेदारी वाले क्षेत्रों में और उसके आसपास स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रभारी कर्मवीर सिंह यादव, चिकित्सा अधिकारी मोहम्मद इब्राहिम, डिप्टी कमांडेंट अभय कुमार श्रीवास्तव और सहायक कमांडेंट काना राम चौधरी वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारी, एसओ और ओआर उपस्थित थे। संबोधन के बाद पूरी बटालियन ने सामूहिक रूप से स्वच्छता शपथ ली और हर साल 100 घंटे यानी लगभग दो घंटे प्रति सप्ताह, स्वच्छता गतिविधियों के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया। उन्होंने न तो कूड़ा-कचरा फैलाने और न ही दूसरों को करने देने का संकल्प लिया, और अपने बैरक, रहने के स्थान, कार्यस्थल और आसपास के वातावरण से स्वच्छता अभियान शुरू करने का संकल्प लिया।

कमांडेंट के नेतृत्व में और सभी उपस्थित अधिकारियों के सहयोग से कैंप परिसर के अंदर एक समर्पित स्वच्छता अभियान चलाया गया। कर्मियों ने सामूहिक जिम्मेदारी का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रशासनिक ब्लॉक, आवास लाइनों, सार्वजनिक क्षेत्रों और आसपास के परिवेश की सक्रिय रूप से सफाई की। कमांडेंट ने सभी अधिकारियों और जवानों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और उन्हें आस-पास के गाँवों और इलाकों में स्वच्छ भारत मिशन के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने दोहराया कि एक स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण तब होता है जब उसके नागरिक अपने आसपास के वातावरण की व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेते हैं।

कार्यक्रम सभी रैंकों के नए उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुआ। 219 बटालियन ने राष्ट्रीय मिशन के समर्थन में एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, एक स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक अनुशासित वातावरण के निर्माण में सार्थक योगदान देने के अपने संकल्प की पुनः पुष्टि की।

### सैमरैया माता व देवगुड़ी निर्माण का विधायक ने किया भूमिपूजन

# बस्तर की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करना हमारी प्राथमिकता : विनायक

हरिभूमि न्यूज ›› दरभा

तोकापाल विकासखंड के ग्राम पंचायत टिकरा धनोरा के गांव सैमरैया माता एवं छिन्दबहार में आज देव गुड़ी निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधिवत सम्पन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए स्वीकृत 10 लाख की राशि ग्रामीणों की आस्था और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने में मील का पत्थर साबित होगी।

■ 10 लाख की राशि निर्माण के लिए स्वीकृत



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोकापाल विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल रहे। जिन्होंने पूजा-अर्चना के पश्चात भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि बस्तर की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित एवं विकसित करना हमारी प्राथमिकता है। देव गुड़ी केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि ग्रामवासियों की परंपरा और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल पदमनी कश्यप , जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, जनपद सदस्य हेमबती कश्यप, जिला मंत्री रैतुराम बघेल, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, मण्डल उपाध्यक्ष मिटकु राम बघेल, अन्तराम कश्यप, मुन्ना कश्यप , मेघराज ठाकुर, जीवनाथ मौर्य, चन्द्रकांत भण्डारी, सुभाष कश्यप, गुलाब सिंह ठाकुर, मैतर कश्य , बोदा कश्यप, दुर्जन बघेल, पुजारी इंदर बघेल, हेमचंद्र सोम, गणपति सोम, मुरली सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

# जनता व सुरक्षा बलों के बीच रिश्ता मजबूत करने बटालियन ने लगाया चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ›› गीदम

नक्सल मोर्चे पर तैनात सीआरपीएफ के जवान आम नागरिक को मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। नक्सलियों से लड़ाई लड़ने के अलावा सुरक्षा बलों के जवान सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत लोंगों के स्वास्थ्य जांच कर रहें है।

जिससे जवानों और ग्रामीणों के बीच बेहतर सबंध बन सके और विश्वास बढ़ सके इसी क्रम में बेलनार सीआरपीएफ कैम्प में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। घोर नक्सल प्रभावित इलाका बेलनार जहां सीआरपीएफ 165 बटालियन द्वारा आम नागरिकों की सहायता व चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें बेलनार गांव के कलारपारा, सेठियापारा, पटेलपारा, कुजंमपारा, कासाबाडा पारा, कोडेर पारा, तथा सतवा गांव के स्कूलपारा, पटेलपारा, यमला पारा एवं लाडी पारा के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया

■ ग्रामीणों को नक्सलवाद की गलत नीतियों के बारे में बताया



जिसमें 165 बटालियन सीआरपीएफ के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी आशीष साण्डिल्य द्वि.क.अधि. , मुचि अधि ओजी ने ग्रामिणों के स्वास्थ्य की जांच की उसके बाद निशुल्क दवाईयों का वितरण किया। कुछ गंभीर बीमारियों कि लिए उचित रास्ता बताया गया और बाहर बड़े अस्पतालों में जांच की बात कही गई।

संजय कुमार सहायक कमाण्डेट ने गामिणों को नक्सलवाद की गलत नीतियों के बारे में बताया और शासन के योजनाओं के बारे में जानकारी दी। संजय कुमार सहायक कमाण्डेट ने बताया की सीआरपीएफ हमेशा ग्रामीणों की सेवा के लिए तैयार रहती है। इस दौरान निरिक्षक, जीडी धंजय कुमार, उपनि. जीडी कुलदीप सिंह, उपनि. जीडी अजय कुमार, उप. नि एमएसएन विकास कुमार पलसानिया, सउनि जीडी हरिराम पाल, सउनि जीडी जार्ज क्लमेंट, जीडी सत्येन्द्र सिंह, सिजीडी पवन पन्ना, सिजीडी रंजीत सिंह, सिजीडी गजेन्द्र श्रीवास सिजीडी आकाश बर्मन व अन्य सीआरपीएफ कार्मिक मौजूद रहे।

# बच्चों को संतुलित आहार के प्रति किया जागरूक, पोषक सामग्रियां बांटे

हरिभूमि न्यूज ›› दरभा

आहार एवं पोषण अभियान के तहत युवा साथी फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने गूंज वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से पोषण आहार वितरण किया। प्री. मैट्रिक कन्या छात्रावास ढ़ोडरेपाल 50, कन्या आश्रम ढ़ोडरेपाल 100, कन्या आश्रम चितापुर 80 तथा पूर्व माध्यमिक शाला रामपाल छिंदावाड़ा के बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण को ध्यान में रखते हुए जूस एवं आवश्यक पोषक सामग्रियों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में संतुलित आहार के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके शारीरिक व मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना था।



कार्यक्रम की गरिमा गूंज वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी लक्ष्मी कश्यप, समाज सेविका उर्मिला गोयल, दुर्जन सिंह कश्यप महामंत्री दरभा, नारायण कुर्रेनि बस्तर जिला महिला मोर्चा सदस्य, सोनी सोरी, काजल वर्मा, वंदना, बली माँझी, ढ़ोडरेपाल प्राथमिक शाला के प्राचार्य जोजेंद्र कश्यप तथा आश्रम अधीक्षिकाएं चिंतामणि मौर्य एवं गंगा नागेश की उपस्थिति से और भी बढ़ गई।

# युवाओं में व्यक्तित्व चरित्र का विकास करना उद्देश्य : रूबी

हरिभूमि न्यूज ›› किरंदुल

शासकीय हायर सेकेण्ड्री स्कूल पटेलपारा के प्रांगण में सोमवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालय से छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अनुभव को अपने व्यक्तिगत विकास के लिए बेहद उपयोगी बताया।



शिविर में छात्रों ने सेवा भावना को प्रोत्साहित करते हुए। उनके व्यक्तित्व और चरित्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्षा रूबी शैलेन्द्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एबीओ, मनोज सिंह राठौर एवं बीओ प्रमोद भदौरिया सभी विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका के द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती को फुल माला के साथ दीप प्रज्वलित कर इस समापन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसके पश्चात विद्यालय के बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगरपालिका अध्यक्षा रूबी शैलेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का प्राथमिक उद्देश्य छात्रों और युवाओं में उनके व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना है। इसके द्वारा छात्रों में सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। साथ ही छात्रों में आपात स्थिति में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की क्षमता विकसित करना है साथ ही विद्यार्थियों को योग के महत्व, लाभ और दैनिक जीवन में योग अपनाने की आवश्यकता के बारे में बताए। शिविर में सभी बच्चों के साथ भोजन भी किया गया।

इस दौरान एसएमडी अध्यक्ष अतुल सिंह, शासकीय हाई स्कूल के प्राचार्य मगरीता टोपो. एएमएनएस से डॉ. तेज प्रकाश, शिक्षा विभाग से एबीओ मनोज सिंह राठौर, बीओ प्रमोद भदौरिया, नगरपालिका सीएमओ शशीभूषण महापात्र, पार्षद के. साजी, पार्षद अनिल मरकाम, थामस बाबू सहित शहर के गणमान नागरिक उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को मिली विविध स्वास्थ्य सेवाएं

**बीजापुर।** बीजापुर ब्लॉक के एचडब्लूसी पीडिया के अंतर्गत ग्राम अंडरी में स्वास्थ्य टीम गंगालूर द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में ओपीडी 54, आरडी टेस्ट 54, बुखार के मरीज 4, मलेरिया पीएफ पॉजिटिव 17, लक्षण सहित मलेरिया 3, लक्षण रहित मलेरिया 14, टीबी स्क्रीनिंग कुष्ठ रोग स्क्रीनिंग 54, कुष्ठ संभावित मरीज 1 अन्य स्वास्थ्य जांच, एनसीडी स्क्रीनिंग 24, सर्दी–खोसी के मरीज 11, चर्म रोग 6, टीकाकरण 2, आयुष्मान कार्ड 0 व अन्य स्वास्थ्य सेवाएं की भी जांच की गई। शिविर के दौरान स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीणों को रोगों की रोकथाम, स्वच्छता, पोषण एवं मलेरिया-टीबी नियंत्रण के बारे में जागरूक किया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए शिविर आगे भी आयोजित करने की मांग की।

# एसआईआर डिजिटलाइजेशन के संबंध में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ›› दंतेवाड़ा

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन किया गया, बैठक की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सर्वप्रथम साधारण असाधारण राजपत्र में आदेश अधिसूचना इत्यादि के प्रकाशन के संबंध में शासन द्वारा जारी निर्देश के संबंध में कहा कि वर्तमान प्रचलित प्रणाली के स्थान पर समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन ई-गजट के माध्यम से कराया जाना है। इसके लिए राज्य स्तर पर समस्त विभागों एवं मुद्रणालय स्तर पर उप संचालक के लिए भी लॉगिन आईडी का निर्माण किए जाएगें।



जिला स्तर पर सभी विभाग प्रमुख मास्टर एडमिन से प्राप्त लॉगिन आईडी का उपयोग कर आदेश, अधिसूचना, अध्यादेश को तैयार कर जांच करने के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारी अथवा स्वयं को मेकर तथा चेकर नियुक्त किया जाएगा। विभाग प्रमुख, जिला कलेक्टर द्वारा अपने विभाग, कार्यालय स्तर पर समस्त उपयोगकर्ताओं तथा ई-गजट का प्रबंधन करना। मेकर द्वारा अधिसूचना तैयार कर सत्यापन तथा हस्ताक्षर हेतु चेकर को भेजा जाएगा। चेकर द्वारा मेकर आई.डी. से प्राप्त अधिसूचना में किसी प्रकार की कमी या त्रुटि होने पर वापस मेकर को भेजा जाएगा। अधिसूचना सही होने पर हस्ताक्षर कर मुद्रणालय पोर्टल पर भेजा जाएगा।

# भाजपा जिलाध्यक्ष पर कांग्रेस का पलटवार

हरिभूमि न्यूज ›› दंतेवाड़ा




जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ने भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता के हालिया बयानों पर कड़ा पलटवार किया है। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा का शासन जनता के विश्वास पर नहीं, बल्कि छल-कपट के महल पर टिका है और संतोष गुप्ता का बयान उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की कहावत को चरितार्थ करता है। विमल सलाम ने आरोप लगाया कि दंतेवाड़ा में भाजपा खुद गुटबाजी से बुरी तरह जूझ रही है और कम से कम पाँच प्रमुख गुट खुले तौर पर सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि संतोष गुप्ता पहले अपना घर संभालें। उनकी ही पार्टी में आपसी कलह इतनी गहरी है कि प्रशासनिक निर्णय भी गुटों की रस्साकशी में उलझ जाते हैं। विमल ने स्पष्ट किया कि पार्टी दंतेवाड़ा में एक संगठित रणनीति के साथ काम कर रही है और उसका पूरा ध्यान जनता से जुड़े मुद्दों पर है। बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा, किसानों की समस्याएँ व आदिवासी अधिकार इन मुद्दों को विमल ने अपनी प्राथमिकता बताया। सलाम ने कहा कि हम सत्ता की लड़ाई नहीं, जनता के भविष्य की लड़ाई लड़ रहे हैं। विमल का आरोप है कि भाजपा की जीत जन विश्वास की नहीं, बल्कि बड़े स्तर पर चुनावी तंत्र और प्रचार तंत्र के दुरुपयोग का परिणाम है।

# बिरसा मुंडा के योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ›› तोकापाल

तोकापाल शहीद हरचंद नाइक शासकीय महाविद्यालय में आज जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस, रेड रिबन क्लब तथा महाविद्यालय परिवार के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तिलक राम रात्रे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और उनके अविस्मरणीय योगदान के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक जननायक ही नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक सुधारक, आध्यात्मिक नेता और स्वतंत्रता संग्राम की आदिवासी धारा के अग्रदूत थे। उन्होंने बिरसा मुंडा के कुछ प्रमुख योगदानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उलगुलान महाआंदोलन के माध्यम से ब्रिटिश शासन एवं जमींदारी प्रथा के अत्याचारों के विरुद्ध व्यापक जनजागरण किया।

वे आदिवासी समाज को अपने सांस्कृतिक मूल्यों, पहचान और परंपराओं के संरक्षण के लिए प्रेरित करते थे। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और एक संगठित आदिवासी समाज के निर्माण का मार्ग दिखाया। डॉ. रात्रे ने युवाओं को बिरसा मुंडा के साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। रेड रिबन क्लब के संयोजक शश्रवण कुमार नेताम ने एचआईवी, एड्स जागरूकता, रोकथाम तथा युवाओं की भूमिका पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता तुल्लूराम कश्यप ने अपनी ओजस्वी वाणी में जनजागरण अभियानों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया।

**न्यायालय तहसीलदार जगदलपुर**
**जिला बस्तर छ.ग.**
**// उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्रं. 202512150600005/अ-21(2)/2025-26
साकिन- धरमपुरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक (विक्रेता) आवेदक (विक्रेता) फरसूराम साहू पिता श्री बकरिया साहू, उम्र-53 वर्ष जाति तेली ग्राम मंगडूकचोरा के द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 06 रा.नि. मं. जगदलपुर जिला-बस्तर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 12/8 रकबा 0.0140 हे. या 1500 वर्गफुट परिवर्तित भूमि जो कि कालोनी का ले आउट प्लाट नंबर 49 उक्त संपत्ति को क्रेता श्रीमती सुमिता चौधरी पति प्रदीप्ता दास निवासी एच.एन.टी. किरंदुल जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा छ.ग. के पक्ष में अंतरण किये जाने हेतु अनुमति विषयक आवेदन मय दस्तावेज माननीय न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जगदलपुर जिला-बस्तर के समक्ष प्रस्तुत करने पर माननीय न्यायालय कलेक्टर बस्तर से आवेदन मय दस्तावेज की मूल प्रति इस न्यायालय को प्रकरण दर्ज कर जांच प्रतिवेदन प्रेषित किये जाने बाबत प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या कोई संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत 17-12-2025 तक दावा या आपत्ति पेश कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**जगदलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार जगदलपुर**
**जिला बस्तर छ.ग.**
**// उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्रं. 202512150600005/अ-21(2)/2025-26
साकिन- धरमपुरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक (विक्रेता) कुनुपुल्ली वेंकटरमन उम्र-61 वर्ष पिता के.एस राम चंद्र राव जाति ब्राहम्ण निवासी सिंधिंया नगर दुर्ग जिला-दुर्ग के द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 06 रा.नि. मं० जगदलपुर जिला-बस्तर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 16/33/8 रकबा 0.0530 हे. या परिवर्तित क्षेत्रफल 5662 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेखों में बतौर भूमि स्वामी दर्ज है। जिसमें भूतल पर 1732.80 एवं प्रथम तल पर 1494.21 वर्गफुट पर पक्का मकान निर्मित है। उक्त संपत्ति को क्रेता श्री कपित संतवानी पिता नारायण दास संतवानी जाति सिंधि उम्र-45 वर्ष निवासी बालाजी वार्ड जगदलपुर जिला-बस्तर छ.ग. के पक्ष में अंतरण किये जाने हेतु अनुमति विषयक आवेदन मय दस्तावेज माननीय न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जगदलपुर जिला-बस्तर के समक्ष प्रस्तुत करने पर माननीय न्यायालय कलेक्टर बस्तर से आवेदन मय दस्तावेज की मूल प्रति इस न्यायालय को प्रकरण दर्ज कर जांच प्रतिवेदन प्रेषित किये जाने बाबत प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या कोई संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत 17-12-2025 तक दावा या आपत्ति पेश कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया गया ।

मुहर

**तहसीलदार**
**जगदलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार जगदलपुर**
**जिला बस्तर छ.ग.**
**// उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्रं. 202512150600010/अ-21(2)/2025-26
साकिन- धरमपुरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक (विक्रेता) आवेदक (विक्रेता) के. सत्यनारायण प्रसाद पिता के.एस. रामचंद्र राव जाति ब्राहम्ण निवासी धरमपुरा जगदलपुर, जिला-बस्तर, 2/ के. शेषगिरी राव पिता के.एस. रामचंद्र राव जाति ब्राहम्ण निवासी ग्रिन पार्क तेलीबांधा रायपुर छ.ग., 3/ के. रामकृष्ण शास्त्री पिता के.एस. रामचंद्र राव नेहरू नगर भिलाई जिला दुर्ग छ.ग., 4/ के. वेंकटरमन मूर्ति पिता के. एस. राम चंद्र राव सिधिया नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धरमपुरा प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. जगदलपुर जिला-बस्तर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 16/33/9 रकबा 0.0730 हे. या परिवर्तित क्षेत्रफल 7840 वर्गफुट की भूमि राजस्व अभिलेखों में बतौर भूमि स्वामी दर्ज है। उक्त संपत्ति को क्रेता 1/ राजेश संतवानी पिता नारायण दास संतवानी जाति सिंधी व क्रेता 2/ राकेश संतवानी पिता नारायण दास संतवानी दोनों बालाजी वार्ड जगदलपुर जिला-बस्तर छ.ग. के पक्ष में अंतरण किये जाने हेतु अनुमति विषयक आवेदन मय दस्तावेज माननीय न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जगदलपुर जिला-बस्तर के समक्ष प्रस्तुत करने पर माननीय न्यायालय कलेक्टर बस्तर मे आवेदन मय दस्तावेज की मूल प्रति इस न्यायालय को प्रकरण दर्ज कर जांच प्रतिवेदन प्रेषित किये जाने बाबत प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या कोई संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत 17-12-2025 तक दावा या आपत्ति पेश कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया गया ।

मुहर

**तहसीलदार**
**जगदलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार जगदलपुर**
**जिला बस्तर छ.ग.**
**// उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्रं. 202512150600008/अ-21(2)/2025-26
साकिन- जगदलपुर देहात

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. आवेदक (विक्रेता) आवेदक (विक्रेता) आवेदक (विक्रेता) मनमथ पिता अनिरूद्ध लाल जाति अग्रवाल निवासी गुरुद्वारा रोड इंदिरा वार्ड जगदलपुर के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जगदलपुर देहात प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. जगदलपुर जिला-बस्तर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 76/2 रकबा 0.0360 हे. एवं खसरा नंबर 78/2/ख रकबा 0.0280 हे. योग खसरा नंबर 02 योग रकबा 0.0640 या परिवर्तित क्षेत्रफल 6970 वर्गफुट भूमि उक्त संपत्ति को क्रेता 1/ कृष्णा लखोटिया उम्र-43 वर्ष जाति माहेश्वरी गैर आदिवासी निवासी शैलेन्द्र नगर रायपुर एवं क्रेता 2/ अभिषेक गांधी उम्र-41 वर्ष पिता उत्तम चंद गांधी जाति जैन देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. के पक्ष में अंतरण किये जाने हेतु अनुमति विषयक आवेदन मय दस्तावेज माननीय न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जगदलपुर जिला-बस्तर के समक्ष प्रस्तुत करने पर माननीय न्यायालय कलेक्टर बस्तर से आवेदन मय दस्तावेज की मूल प्रति इस न्यायालय को प्रकरण दर्ज कर जांच प्रतिवेदन प्रेषित किये जाने बाबत प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या कोई संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत 17-12-2025 तक दावा या आपत्ति पेश कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया गया ।

मुहर

**तहसीलदार**
**जगदलपुर**

प्रोसेस क्रमांक 320/2025
पेशी तारीख 15/01/2026

**:: मुकदमें के फैसले के बारे में समंस ::**
**(सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5, रूल्स 1 और 5)**

दीवानी मुकदमा नं. 32/2025 सन्

अदालत :- शिव प्रकाश त्रिपाठी, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बस्तर जगदलपुर

श्रीमती बसंती गागड़ा ....................आवेदिका

सेनानी कार्यालय 21 वीं वाहिनी व अन्य.........................................अनावेदकगण

बनामः- आम जनता।

क्योंकि आवेदिका ने तुम्हारे खिलाफ उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 32/2025 का मुकदमा दायर किया है, तुम्हे इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि तुम इस अदालत में तारीख 15 माह 01 सन 2026 ई. को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक-ठीक तौर से समझा दी हो और जो कि मुकदमें के बारे में कुल जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जोकि ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिए हाजिर हो जावो और तुम्हारी हाजरी के लिये मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखरी फैसले के वास्ते रखे जाने की वजह से तुम्हें उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा कि जिन पर तुम अपने बचाव को पुख्ती के लिये भरोसा रखना चाहते हो।

तुम्हें ताकीद की जाती है कि यदि तुम तारीख मजकूर पर हाजिर न होवोगे तो तुम्हारी गैर हाजरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा।

आज तारीख 25 माह 11 सन् 2025 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**जज**

**खबर संक्षेप**

## दिव्यांग बच्चे दिखाएंगे अपनी प्रतिभा आज

**सुकमा।** विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर 3 दिसम्बर को आकार आवासीय संस्था कुम्हाररास में जिला स्तरीय कार्यक्रम होगा । कार्यक्रम में शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ दिव्यांग बच्चों द्वारा तैयार की गई हस्तकला और रचनात्मक वस्तुओं की विशेष प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र होगी। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह दिव्यांग बच्चों की कला, आत्मविश्वास, मेहनत और उनकी अद्भुत क्षमताओं को करीब से जान सकेगा। कार्यक्रम में प्रदर्शित हस्तनिर्मित वस्तुएं बच्चों के हुनर और उनकी सृजनात्मकता का बेहतरीन उदाहरण होंगी।

## राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सानिध्य का चयन



**जगदलपुर।** अंडर-19 बालक क्रिकेट प्रतियोगिता में सानिध्य सिंग ठाकुर ने बस्तर जोन का प्रतिनिधित्व किया और उम्दा प्रदर्शन किया। जिसके कारण उनका चयन राष्ट्रीय स्तर के स्पर्धा में हुआ है। उसका चयन तेज गति के गेंदबाज के रूप में हुआ है। वह पीएमश्री सेजेस शाला में 12 वीं कक्षा का छात्र है। इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य पीआर लाऊने, उपप्राचार्य केपी. यादव, व्याख्याता श्रीनिवास राव, गोपाल, चंद्र रॉय, व्यायाम शिक्षक और कोच सागर शर्मा ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

## जिला स्तरीय खेलकुद स्पोर्ट इवेंट आज

**कांकेर।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय खेलकुद स्पोर्ट इवेंट कार्यक्रम का आयोजन पं. विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर में 3 दिसंबर बुधवार को दोपहर 3 बजें से रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नगा व कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक आशाराम नेताम द्वारा किया जाएगा।

# लखपति दीदी योजना प्रभावी ढंग से लागू हो : प्रसन्ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा




नीति आयोग के आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा आज केंद्रीय प्रभारी अधिकारी एवं भारत सरकार के संयुक्त सचिव प्रसन्ना आर की अध्यक्षता में की गई। बैठक में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ मुकुन्द ठाकुर सहित विभागों के नोडल अधिकारी तथा पीपीआईए फेलो उपस्थित रहे। बैठक दोपहर 12 बजे से 12:30 बजे तक वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से एनआईसी में आयोजित की गई जिसमें आकांक्षी जिला सुकमा और आकांक्षी ब्लॉक कोंटा की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रसन्ना आर ने कोंटा ब्लॉक में स्व-सहायता समूहों की 100 सैचुरेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी लखपति दीदी योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने कहा। ताकि ग्रामीण महिलाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके। उन्होंने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को ऑर्गेनिक विलेज विकसित करने पर जोर दिया। स्पष्ट कहा कि जैविक खेती के साथ-साथ ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन भी जरूरी है ताकि किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर बाजार मूल्य मिल सके।

■ कुपोषण दूर करने और ड्राप आउट कम करने पर जोर

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने विभागीय कार्यक्रमों के प्रदर्शन में सुधार लाने को कहा। साथ ही गंभीर कुपोषण और मध्यम कुपोषण के मामलों को घटाने के लिए ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए। जिले के शिक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं के रिज़ल्ट बेहतर करने को कहा। स्कूली बच्चों के ड्रॉपआउट मामलों को कम करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

## दलपत सागर में दिख रहे विदेशी पक्षी...



**जगदलपुर।** ठंड का सीजन आते ही बस्तर का मौसम सुहाना हो जाता है। हरियाली से भरपूर वातावरण पक्षियों को आकर्षित करता है। निगम प्रशासन रियासतकालिन ऐतिहासिक दलपत सागर को सुंदर और स्वच्छ बनाने जोर शोर से काम कर रहा है। दलपत सागर की रंगत अब बदलने लगी है यही कारण है कि यहां अब विदेशी पक्षी भी जल में क्रीड़ा करते और पेड़ों पर चहकते दिखने लगे हैं। छाया : संतोष पाण्डेय

### टीएल बैठक में योजनाओं की समीक्षा करते तेजी लाने को कहा

# राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों पर नाराज हुए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक हुई। कलेक्टर ने अधिकारियों को समयबद्ध और संवेदनशील कार्य संस्कृति अपनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को नियद नेल्ला नार क्षेत्र में पेयजल, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा व्यवस्था, बिजली एवं संचार जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर देते हुए नियमित फील्ड विजिट करने के सख्त निर्देश दिए। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरी पारदर्शिता और सटीकता के साथ दायित्वों का निर्वहन करने निर्देशित किया। राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीमांकन, नामांतरण-विवादित व अविवादित दोनों प्रकार, डायवर्सन, बंटवारा, खाता विभाजन और भू-अर्जन से जुड़े मामलों का निराकरण तय समय सीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानियां न हों, यह विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### बस्तर ओलंपिक की तैयारियों को मिले रफ्तार

बैठक में संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आयोजनों को व्यवस्थित और समय पर पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए। सीईओ मुकुन्द ठाकुर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं तथा विकास कार्यों की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर गजेन्द्र ठाकुर एसडीएम, तहसीलदार और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दोबारा अध्यक्ष बनने पर हरिभूमि कार्यालय पहुंचे सुशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का दूसरी बार दायित्व मिलने पर सुशील मौर्य आभार व्यक्त करने हरिभूमि कार्यालय पहुंचे। उन्होंने ब्यूरो चीफ सुरेश रावल को बुके भेंट कर सहयोग के लिए आभार माना। वहीं हाईकमान और प्रदेश अध्यक्ष को दुबारा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देने के लिए धन्यवाद देते उनके विश्वास पर खरा उतरने की बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के निष्ठावान सिपाही की तरह हर मौके पर ईमानदारी से काम करेंगे। उन्होंने हरिभूमि के वरिष्ठ संवादाता महेंद्र विश्वकर्मा, राजेश दास, मार्केटिंग हेड समीर सेन समेत सभी स्टाफ से भेंट कर सहयोग के लिए आभार माना। उनके साथ युवा नेता अभिषेक नायडु रहे।

# शहर के उद्यानों और स्मारकों का हाल बेहाल



■ नेता प्रतिपक्ष ने महापौर से सभी स्थलों को दुरस्त करने की मांग की

**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी बयान में कहा कि शहर के उद्यानों में रख रखाव का अभाव है। साफ सफाई की कमी के कारण कई जगहों पर कचरों का ढेर लगा हुआ है । शहीद पार्क में रखरखाव, असुविधाएं तथा पार्क में असामाजिक तत्वों का जमा वाड़ा रहता है । जिस वजह से लोगों का आना पार्क में कम हो रहा है । शहीद पार्क में स्थापित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विलख नारायण अग्रवाल की मूर्ति के साथ भी छेड़छाड़ की गई है। लालबाग में झीरम शहीदों के स्मारक में भी तोड़फोड़ एवं असामाजिक तत्वों द्वारा नशा पान की स्थिति पूर्व में देखी गई थी।

नेहरू मंच का भी यही हाल है । जिसकी शिकायत निगम प्रशासन से की गई परंतु उक्त स्थलों का सुध लेने का समय किसी के पास नहीं है। स्थलों के सुधार कार्य और रखरखाव की कार्यवाही में गति दिखाई नहीं पड़ रहा है । महापौर से उन्होंने झीरम शहीदों के स्मारक, नेहरू मंच, सुभाष पार्क, चित्रकूट प्रपात, शहीद पार्क, नक्षत्र वाटिका, पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड में स्थित पार्क, लक्ष्मी नारायण मंदिर में पार्क और ऐसे सभी स्थलों का देखरेख और रखरखाव पर विशेष ध्यान देते हुए त्वरित कार्यवाही का आग्रह महापौर से किया है।

# 33 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले एएसआई को एसपी ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ कार्यकाल के दौरान 23 नगद पुरस्कार व 42 प्रशंसा पत्र किया अर्जित

प्रदेश के अलग अलग जिले के अलावा लबें समय तक बस्तर में पदस्थ रहे सहायक उप निरीक्षक रामेश्वर कश्यप को एसपी शलभ कुमार सिन्हा तथा एएसपी महेश्वर नाग की उपस्थिति में भावपूर्ण विदाई दी गई। एसपी दफ्तर में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें उनके दीर्घ सेवाकाल के योगदान को सराहा गया।

एसपी ने बताया कि पुलिस विभाग के अनुभवी, निष्ठावान एवं कर्मठ अधिकारी सहायक उप निरीक्षक रामेश्वर कश्यप ने सोमवार को अपनी 33 वर्ष 4 माह 19 दिन की सफल एवं गौरवपूर्ण सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। श्री कश्यप ने 11 जुलाई 1992 को जिला पुलिस बल में आरक्षक के रूप में अपने सेवाकाल की शुरूआत की। कठोर परिश्रम और उत्कृष्ट कार्य के आधार पर वे वर्ष 2012 में प्रधान आरक्षक 2021 को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए।

उन्होंने अपने सेवा काल में 23 नगद पुरस्कार व 42 प्रशंसा पत्र अर्जित किये। अपने 33 वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील थाना व चौकियों में उत्कृष्ट सेवाएं दीं। इस दौरान वे बस्तर, दुर्गकोंदल, जगदलपुर, फ्रेजरपुर, फरसागुड़ा, पतोर, केशकाल, भानपुरी, मासनारा, पुलिस सहायता केंद्र नानगुर और थाना नानगुर में भी पदस्थ थे। विशेष रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, शांति और अनुशासन के साथ पुलिसिंग करते हुए पुलिस विभाग का गौरव बढ़ाया। उक्त कार्यक्रम में एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी महेश्वर नाग व जिला पुलिस परिवार द्वारा रामेश्वर कश्यप के समर्पित सेवाभाव की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई और उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखद सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएँ दी गई।

# एसआईआर की नियत अवधि 11 दिसंबर तक मतदाताओं को पर्याप्त सुविधा प्रदान की जावे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भाजपा के जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का समय एक सप्ताह बढ़ाते हुए 11 दिसंबर कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग के संशोधित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए भाजपा के जिला, मंडल स्तर से लेकर बूथ अध्यक्ष कमेटी एवं नियुक्त बीएलओ से आह्वान करते हुए कहा कि बस्तर जिले का कोई भी मतदाता एसआईआर से वंचित नहीं होना चाहिए इसका ध्यान रखा जावे। हमारे लिए एक-एक मतदाता महत्वपूर्ण है। उन्होंने बस्तर जिले के मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि एसआईआर कार्य में किसी प्रकार की असुविधा होती है तो स्थानीय स्तर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संपर्क कर इसका निराकरण करवाया जा सकता है। उन्होने कहा कि नियत अवधि 11 दिसंबर तक मतदाताओं को पर्याप्त सुविधा प्रदान की जाए ताकि अधिकतम समावेशन और शुद्धि सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इसके बाद प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 16 दिसंबर को होगा, जो पुनरीक्षण प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण है। मतदाताओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण बदलाव दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि में किया गया है। अब नागरिक प्रारूप सूची के संबंध में अपने दावे या आपत्तियां 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दर्ज करा सकेंगे। दावे और आपत्तियों की सुनवाई करने और उनका निपटारा करने की प्रक्रिया 16 दिसंबर से 7 फरवरी तक चलेगी। सभी चरणों के सफल समापन के बाद, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाएगा।

# स्टील प्लांट के निजीकरण का जोगी कांग्रेस ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरनार स्टील प्लांट बचाओ , बस्तर जाग उठा का नारा जोगी कांग्रेसियों ने आज किरंदुल में लगाया। बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संयोजक नवनीत चांद, संभागीय महामंत्री रामनाथ नेगी दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष रेमो मरकाम ने कहा प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्टील प्लांट का निजीकरण नहीं होने का वादा किया था। वहीं एनएमडीसी की रिपोर्ट में विनिवेश की पुष्टि की गई है। उन्होंने निजीकरण के सभी प्रस्तावों की तत्काल वापसी और नगरनार स्टील प्लांट को सार्वजनिक इकाई घोषित करने की गारंटी की मांग की है। अमित जोगी ने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ विश्वासघात है। उन्होंने 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। मांगों पर आगामी 10 दिसंबर तक कोई सकारात्मक पहल नहीं होती है तो जोगी कांग्रेस मुक्ति मोर्चा किरंदुल-बचेली में आंदोलन करने के साथ ही राज्यव्यापी जन आंदोलन शुरू करेगी। इस दौरान संभागीय महामंत्री रामनाथ नेगी, मजदूर यूनियन अध्यक्ष लखमा कोराम, मजदूर यूनियन सचिव कुरसो राम मौर्य, सुकमा जिला अध्यक्ष पी प्रसाद राजू, किरंदुल मंडल अध्यक्ष विजय कुमार सोनवानी, जगदीश नायक मीडिया प्रभारी, जगदलपुर युवा विंग अध्यक्ष हिमांशु आनंद,कोर कमेटी अध्यक्ष रमेश यादव, बचेली यूथ अध्यक्ष हिडमा पोड़्याम उपस्थित थे।

### एड्स नियंत्रण प्रयासों का रूपांतरण विषय पर वक्ताओं ने रखे अपने विचार

# विश्व एड्स दिवस पर अधिकारियों व बच्चों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शहर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बस्तर जिला एड्स नियंत्रण समिति के अंतर्गत समिति अध्यक्ष एवं कलेक्टर हरीश एस. के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस से एक से 15 दिसंबर तक चलने वाले विश्व एडस दिवस पखवाड़ा के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में शहर के शासकीय लक्ष्मीबाई पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को एड्स संबंधी शपथ दिलवाया गया। जिसमें प्रधान अध्यापिका उषा बवेजा अपने साथी शिक्षिकाओं के साथ उपस्थित रही। उसके पश्चात जगतू महारा शासकीय बहुउदेश्यीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के मिडिल स्कूल में भी उपस्थित सभी बच्चों को प्रधान अध्यापिका माया यादव के नेतृत्व में शपथ दिलवाई गई। स्वास्थ्य विभाग के मीडिया प्रभारी शकील खान ने बताया कि उसके पश्चात एनसीसी अधिकारी यू धर्मेंद्र पटनायक और उनके सहयोगी अधिकारी भूखन सिंह के एनसीसी एवं एनएसएस के बच्चे विद्यालय के प्राचार्य बीएस रामकुमार के आदेश पर शहर में एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं भी उपस्थित रहीं। रैली को महारानी अस्पताल परिसर से एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. सी. मैत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला सलाहकार मुकुंद दीवान और एड्स नियंत्रण समिति की पूरी टीम के साथ अस्पताल सलाहकार डॉ. नीरज ओझा और इस क्षेत्र में कार्य कर रहे सभी स्वयंसेवी संस्थाओ से पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### हुई संगोष्ठी

महारानी अस्पताल परिसर के शहीद गुंडाधुर सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पीएन कोठारी रहे। संगोष्ठी की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा की गई और विशिष्ट अतिथि के रूप में सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. संजय प्रसाद भी मौजूद रहे। संगोष्ठी में विश्व एड्स दिवस पर इस बार के थीम विध्न (बाधा) पर विजय एड्स नियंत्रण प्रयासों का रूपांतरण विषय पर सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखें, जिसमें मुख्य रूप से मोतीलाल पोटाई, डॉ. रीना लक्ष्मी, सामाजिक कार्यकर्ता अजय पाल सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए।

